प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे।

- प्रदेश में 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर सघन वृक्षारोपण किया जायेगा।

- चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा।

- 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स नवम्बर में राजस्थान में आयोजित किये जायेंगे।

- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश की संभावना।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिन की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले पडाव में श्री मोदी ब्रिटेन पहुंचेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। श्री मोदी की यह यात्रा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के निमंत्रण पर हो रही है। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर वार्ता करेंगे। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है जिसका दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। श्री मोदी ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स के साथ भी कल बैठक करेंगे। इस दौरान दोनों नेता स्वास्थ्य के प्रति सर्वांगीण दृष्टिकोण और पर्यावरण सहित समान रूचि के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर दौरे पर रहंगे। वे एमबीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। इससे पहले वे लूणी तहसील स्थित खेजड़ली गांव में शहीद स्थल, मंदिर और वृक्षारोपण स्थल का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल दोपहर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भी राज्यपाल के साथ विभिन्न कार्यकमों में **शामिल होंगे।**

0000

प्रदेश में 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से इस अवसर पर बडी संख्या में पौधे लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी लोगों से इस दिन एक पेड मां के नाम पर अवश्य लगाने की अपील की है।

.....

इस बीच प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष मॉनसून सीजन में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

.....

00000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सभी जिलों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के सभी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कल जयपुर में स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों की स्थिति और रोकथाम गतिविधियों की वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के जरिये समीक्षा की बैठक की। बैठक में उन्होंने राज्य स्तर के साथ–साथ संभाग और जिला स्तर पर मौसमी बीमारियों की सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने जिलास्तर पर जांच तथा उपचार के लिए माकूल इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। श्री खींवसर ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चलाये जा रहे 100 दिवसीय अभियान की भी समीक्षा की। बैठक में सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक और मुख्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

00000

5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स इस वर्ष नवम्बर में प्रदेश में आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे राज्य अपनी खेल क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेगा, साथ ही खेल के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी मंच मिलेगा। उन्होंने खेलों के आयोजन का उत्तरदायित्व प्रदेश को सौंपे जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आभार व्यक्त किया है।

0000

राज्य में कल कहीं–कहीं हल्की तो कई स्थानों पर मध्यम बरसात हुई। कुछ स्थानों पर कल शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। कोटपूतली–बहरोड में विभिन्न स्थानों पर रिमझिम बरसात की झडी लगी रही। अलवर में अकबरपुर, अहमदपुर और नटनी का बारा क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई। चूरू में रात से ही बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में सुबह से बादल छाये हुए है और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई है। इसके साथ ही मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बरसात भी हो सकती है।

......

00000

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 8 जून, 1936 को भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नामकरण ऑल इंडिया रेडियो किया गया। यह दिन भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। रेडियो प्रसारण स्वतंत्रता के बाद विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता और कृषि ज्ञान को बढ़ावा देने में सहायक रहा है। वर्ष 1956 में राष्ट्रीय प्रसारक के लिए आकाशवाणी नाम अपनाया गया।

00000

नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आज से तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेला शुरू हो रहा है। मेले में परंपरागत राजस्थानी व्यंजनों की उपलब्धता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। 30 जुलाई तक चलने वाले इस मेले में आमजन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक निःशुल्क भ्रमण कर सकेंगे। साथ ही हस्तशिल्प सामानों की खरीदारी और राजस्थानी व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं जयपुर में आगामी 27 और 28 जुलाई को होने वाले तीज उत्सव की तैयारियां जोरो पर है। तीज माता की शोभायात्रा को लेकर शहर में विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है। शोभायात्रा में इस बार लगभग 200 लोक–कलाकार अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही पॉण्ड्रीक पार्क में तीज मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बीच उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने कल राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को तीज महोत्सव का आमंत्रण दिया।

00000